


# FACULTY DEVELOPMENT PROGRAMME

## समय-समय पर शिक्षक का विकास होना आवश्यक

**बरेली, अमृत विचार:** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग में इमर्जिंग पर्सपेक्टिव ऑफ मल्टीडिसीप्लिनरी रिसर्च मैथड एंड एनालिसिस विषय पर सात दिवसीय ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम हो रहा है। विभाग अध्यक्ष प्रो. तूलिका सक्सेना ने कहा कि इसका उद्देश्य शिक्षकों को अपने संबंधित क्षेत्रों में प्रभावी शिक्षक, शोधकर्ता, नव प्रवर्तक और लीडर्स बनने के लिए सशक्त बनाना है। कार्यक्रम का उद्घाटन भागलपुर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. केके सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि परिवर्तन के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। प्रो. आशुतोष प्रिया ने कहा एक शिक्षक देश के विकास और नीति निर्धारण में सहायक होता है। जिनका समय-समय पर विकास होना आवश्यक है। प्रो. त्रिलोचन शर्मा, डॉ. नमृता यादव, डॉ. नंदिता शर्मा मौजूद रहीं।




## परिवर्तन प्रकृति का नियम अपडेट रहें और आगे बढ़ें

**रुहेलखंड विवि में ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का हुआ वर्चुअल आयोजन**

अमर उजाला ब्यूरो

बरेली। रुहेलखंड विश्वविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, डिपार्टमेंट ऑफ रीजनल इकोनॉमिक्स के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को साप्ताहिक ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का वर्चुअल आयोजन हुआ। इसमें 800 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है।

विभागाध्यक्ष प्रो. तूलिका सक्सेना के मुताबिक प्रोग्राम का उद्देश्य शिक्षक, शोधार्थी, नवप्रवर्तक आदि को प्रभावी बनाना है। उद्घाटन भागलपुर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. केके सिंह ने किया। उन्होंने बदलाव के साथ आगे बढ़ने का सुझाव दिया।

पैरामेट्रिक, नॉनपैरामेट्रिक टेस्ट के बारे में बताया। प्रो. आशुतोष प्रिया ने शिक्षकों को अपडेट रहने के लिए प्रेरित किया गया।


सात दिवसीय प्रोग्राम में कुमाऊं विवि के प्रो. अमित जोशी, अवध विवि के प्रो. एके शुक्ला व डॉ. एसएस सिंह, ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि के प्रो. सैयद हैदर अली, डॉ. नीरज शुक्ला, गौतम बुद्ध विवि के डॉ. राकेश कुमार श्रीवास्तव, लखनऊ विवि के डॉ. शैलेश कुमार कौशल मुख्य वक्ता रहेंगे। उद्घाटन के दौरान समन्वयक प्रो. त्रिलोचन शर्मा, प्रो. पीबी सिंह, प्रो. संजय मिश्रा, डॉ. नम्रता यादव दास, डॉ. नंदिता शर्मा आदि मौजूद रहे।

## ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का हुआ समापन

**बरेली, अमृत विचार:** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग में सात दिवसीय ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का सोमवार को समापन हे गया। इसकी थीम 'इमर्जिंग पर्सपेक्टिव ऑफ मल्टीडिसीप्लिनरी रिसर्च मैथड एंड एनालिसिस' थी। जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया के कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता ने संकाय के समग्र विकास के लिए कार्यक्रम का महत्व बताया। मुख्य वक्ता गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के प्रो. राकेश कुमार श्रीवास्तव, विभाग अध्यक्ष प्रो. तूलिका सक्सेना, डॉ. नमृता यादव दास, डॉ. नंदिता शर्मा आदि मौजूद रहे।

## शोध के विभिन्न पहलुओं पर हुई चर्चा

**बरेली।** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग ने सात दिवसीय ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया। कार्यक्रम की थीम इमर्जिंग पर्सपेक्टिव ऑफ मल्टीडिसीप्लिनरी रिसर्च मैथर्ड एंड एनालिसिस थी। कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता, जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया ने समापन सत्र में इस कार्यक्रम की सराहना की और संकाय के समग्र विकास के लिए इसके महत्व को बताया।




Thoughts
Vaishali is presenting
Pratiksha
Suhani
P
Pragati
V
You
jawwad
23 others















# FINANCIAL LITERACY AND AWARENESS PROGRAMMES






## फ्रेशर पार्टी में विद्यार्थियों ने बिखेरा जलवा

रुहेलखंड विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग में फ्रेशर पार्टी में मौजूद छात्र-छात्राएं। सौ रुचि

बरेली: महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय स्थित प्रबंधन विभाग में एमबीए और बीएमएस विद्यार्थियों ने नए विद्यार्थियों को फ्रेशर पार्टी दी। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके जलवा बिखेरा। आरंभ के नाम से शुरू किए गए कार्यक्रम में मां सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि बरेली कालेज की प्रोफेसर वंदना शर्मा थीं। एमबीए में मिस्टर फ्रेशर शाहबाज खान, मिस फ्रेशर प्रगति गोखलानी, मिस्टर पर्सनालिटी सैफ खान, मिस पर्सनालिटी शुभा प्रकाश बनीं। बीएमएस में मिस्टर फ्रेशर अनमोल अग्रवाल, मिस फ्रेशर अनन्या अग्रवाल, मिस्टर पर्सनालिटी शौर्य बंसल, मिस पर्सनालिटी तृप्ति बनीं। प्रो. तूलिका सक्सेना, प्रो. पीबी सिंह, प्रो. संजय मिश्रा, प्रो. राजकमल सक्सेना मौजूद रहे। वि.










# FRESHERS 2023

# रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय मे इंटरनेशनल वैल्यू एडेड प्रोग्राम सीरीज का आयोजन

₹142.54

March 11, 2024 · Lucknow Tribune



Google से वि

बरेली, 10 मार्च। महात्मा ज्योतिबा फूले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली के व्यवसाय प्रबंधन विभाग में इंटरनेशनल वैल्यू एडेड प्रोग्राम सीरीज का आयोजन हाइब्रिड मोड में किया जा रहा है।

यह कार्यक्रम माननीय कुलपति के. पी सिंह के विश्वविद्यालय को उत्कृष्ट बनाने की पहल के तहत आयोजित किया गया।

# मैनेजमेंट के महत्व पर व्याख्यान

बरेली। रुहेलखंड विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंधन विभाग ने नवाचार परिषद के साथ मैनेजमेंट के महत्व विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया। शुभारंभ डॉ. अमित सिंह, प्रो. तुलिका सक्सेना व प्रो. त्रिलोचन शर्मा ने किया।


विशेष वक्ता विधि संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ. अमित सिंह ने कानून के व्यावसायिक दिशाओं पर वैश्विक दृष्टिकोण, कॉरपोरेट गवर्नेंस और मूल्यवादी दृष्टिकोण पर महत्वपूर्ण व्याख्यान दिया।

दूसरे सत्र में चार्टर्ड अकाउंटेंट सनी अग्रवाल ने मैनेजमेंट के मूल सिद्धांतों व उनके व्यावसायिक अनुप्रयोग के संबंध में व्याख्यान दिया। इस अवसर पर विभाग के समस्त विद्यार्थी व शिक्षक उपस्थित रहे। संवाद



# INTERNATIONAL VALUE ADDED PROGRAMME SERIES




Smita
roshni
Priti
AMIT CHAUDHARY
You
Satyam
51 others







# STAFF TRAINING

# AND

# CLEANLINESS PROGRAMME







### सेमिनार में वेदों पर आधारित सफलता के सूत्र किए साझा

बरेली। आर्य समाज मंदिर, बिहारीपुर के स्थापना दिवस पर आयोजित सेमिनार में आचार्य सुरेश जोशी ने छात्रों के साथ वेदों के आधार पर सफलता के स्वर्णिम सूत्र साझा किए। मंगलवार को रुहेलखंड विश्वविद्यालय में वैदिक सेमिनार का आयोजन किया गया।

सेमिनार की शुरुआत संध्योपासना से हुई। इस अवसर पर आचार्य सुरेश जोशी ने कहा कि यदि आपके जीवन का कोई लक्ष्य नहीं है तो आपकी डिग्रियां आपके लिए बोझ हो जाएंगी। सफलता के लिए लक्ष्य का निर्धारित होना आवश्यक है। इस मौके पर प्रो. तूलिका सक्सेना सहित अन्य लोग मौजूद रहे। संवाद

# Prof. S.B. Singh Memorial Series



## मानव संसाधन कौशल पर प्रशिक्षण आयोजित

**बरेली, 09 दिसम्बर (तरूणमित्र)।** एमजेपी रोहिलखंड विश्वविद्यालय के बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग द्वारा मानव संसाधन कौशल पर एक प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया। रिसोर्स पर्सन डॉ. अंकिता टंडन एचओडी मैनेजमेंट, इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी द्वारा ऐस योर इंटरव्यू - द विनिंग एज पर एक मॉड्यूल शुरू किया गया था। डॉ. टंडन ने नौकरी के लिए साक्षात्कार से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर बात की, जैसे- पोशाक, शारीरिक भाषा, मुद्रा और विभिन्न प्रश्नों के सही उत्तर जो आवश्यक नौकरी दिला सकते हैं। यह सत्र अत्यधिक संवादात्मक था जिसमें छात्रों ने संसाधन व्यक्ति द्वारा पूछे गए विभिन्न डमी प्रश्नों के उत्तर दिए। प्रशिक्षण सत्र की अध्यक्षता प्रो. तूलिका सक्सैना, प्रमुख एवं डीन, प्रो. त्रिलोचन शर्मा, डॉ. सौरभ वर्मा, समन्वयक डॉ. नम्रता यादव दास, डॉ. भावना सक्सैना, सुश्री वर्षा, विजय अग्रवाल, पारस संतोषी सहित अन्य ने की।







# TRAINING SESSION ON HUMAN SKILL RESOURCES

# AND

# WOMEN HEALTH AND HYGIENE











## रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय में इवेंट मैनेजमेंट सेमिनार का आयोजन

You Might Also Like

## विद्यार्थियों को सिखाए इवेंट मैनेजमेंट के गुर

बरेली। रुहेलखंड विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंधन विभाग की ओर से मंगलवार को इवेंट मैनेजमेंट विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों को सफल इवेंट की योजना बनाने व क्रियान्वयन करते समय आने वाले समस्याओं के बारे में विशेषज्ञों ने जानकारी दी।

कार्यक्रम में हुई गायन प्रतियोगिता में शालिनी पहले, अल्मीना दूसरे व प्रतिष्ठा तीसरे स्थान पर रहीं। संगीत वाद्य प्रतियोगिता में अंजना, मुस्कान वर्मा, अल्मीना ने पहला, दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया। पोस्टर प्रस्तुति में काशिश गंगवार और आशिक यादव प्रथम, श्रद्धा शर्मा, काजल सक्सेना, अदम्य सक्सेना द्वितीय और वैष्णवी मिश्रा तृतीय पायदान पर रहीं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. तूलिका सक्सेना ने की। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. केपी सिंह, कुलसचिव संजीव सिंह, विशिष्ट अतिथि करुणा देवी की सीईओ डॉ. अंशु गौतम, धीरज, नाइजीरिया से आए कमर एमर आदि रहे। इस दौरान आयोजन सचिव डॉ. हेमा वर्मा, प्रो. पीबी सिंह, प्रो. त्रिलोचन शर्मा, ऋचा सिंह, वैशाली विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे। संवाद










आरयू के छात्रों ने सीखे इवेंट मैनेजमेंट के गुर

BAREILLY (17 Dec):



# EVENT MANAGEMENT : PRABANDHAN MAHAKUMBH